भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1421**

दिनांक 12.12.2023 को उत्तरार्थ

**ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना**

**1421. डॉ प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**
**श्री चंद्र शेखर साहूः**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना के अंतर्गत प्रदत्त सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से राज्य-वार विशेषकर महाराष्ट्र में कितने गांव लाभान्वित हुए हैं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों विशेषकर महाराष्ट्र और ओडिशा को राज्य-वार कुल कितनी धनराशि आबंटित और जारी की गई है;

(ग) ई-पंचायत मिशन के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से विभिन्न राज्यों विशेषकर महाराष्ट्र और ओडिशा में स्थानीय शासन में सुधार लाने में राज्यों को किस प्रकार सहायता मिली है;

(घ) केन्द्र सरकार द्वारा ई-पंचायत मिशन के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों के क्षमता निर्माण के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ङ) विगत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों विशेषकर महाराष्ट्र और ओडिशा में कुल कितने प्रतिनिधियों और अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**
**(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)**

(क) और (ग) पंचायती राज मंत्रालय डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत, पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) को स्थानीय स्वशासन के रूप में अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ई-पंचायत

मिशन मोड प्रोजेक्ट (एमएमपी) लागू कर रहा है। मंत्रालय ने पूर्व की उपलब्धियों के आधार पर 24 अप्रैल, 2020 को ई-पंचायत एमएमपी के तहत पीआरआई हेतु एक कार्य-आधारित व्यापक एप्लिकेशन ई-ग्रामस्वराज को लॉन्च किया। यह एप्लिकेशन पंचायत के कामकाज के सभी पहलुओं जैसे आयोजना, बजटन, लेखांकन, निगरानी, संपत्ति प्रबंधन आदि को ऑनलाइन भुगतान सहित एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शामिल करता है। अब तक, 2.49 लाख ग्राम पंचायतों ने वर्ष 2023-24 के लिए अपनी ग्राम पंचायत विकास योजनाएं (जीपीडीपी) तैयार कर अपलोड कर दी हैं। इसके अतिरिक्त, 2.32 लाख ग्राम पंचायतों ने वर्ष 2023-24 के लिए 15वें वित्त आयोग अनुदान हेतु ऑनलाइन लेनदेन पूरा कर लिया है। महाराष्ट्र और ओडिशा सहित ई-ग्रामस्वराज को राज्यवार अपनाने की जानकारी **अनुबंध-I** में दी गई है।

डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने के लिए, देश में सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड नेटवर्क से जोड़ने के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से भारतनेट परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। देश में भारतनेट परियोजना के तहत अब तक 2,10,181 ग्राम पंचायतों को सेवा हेतु तैयार किया जा चुका है। दिनांक 30.06.2021 को भारतनेट का दायरा देश में ग्राम पंचायतों से लेकर ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों तक बढ़ा दिया है। सेवा हेतु तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण **अनुबंध-II** में संलग्न है।

(ख) ई-पंचायत एमएमपी के तहत, पंचायतों में ई-गवर्नेंस के कार्यान्वयन हेतु राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कोई प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाती है। ई-पंचायत अनुप्रयोगों/ एप्लिकेशन के रखरखाव के लिए केंद्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र सेवा इंक (एनआईसीएसआई) को फंड प्रदान किया जा रहा है। ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना पर वर्षवार वार्षिक व्यय नीचे दिया गया है।

**<u>ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना पर वार्षिक व्यय का विवरण</u>**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| **वित्तीय वर्ष** | **बजटीय अनुमान (बी.ई.)** | **संशोधित अनुमान (आर.ई.)** | **वास्तविक व्यय** |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 20 | 17.82 | 17.79 |
| 2021-22 | 20 | 11.71 | 11.71 |
| 2022-23 | 20 | 15 | 15 |
| 2023-24 | 20 | - | 6.28* |

***दिनांक 07/12/2023 तक***

(घ) और (ड) पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) द्वारा वर्ष 2018-19 से 2021-22 के दौरान केंद्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) को लागू किया गया और वर्ष 2022-23 से इसकी संशोधित योजना को लागू किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को प्रभावी ढंग

से कार्य करने हेतु उनकी शासन क्षमताओं को विकसित करने के लिए सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण प्रदान करके पंचायती राज संस्थानों को सक्षम बनाना है।

पंचायत प्रशासन को प्रशिक्षण क्षेत्र में शामिल किया गया है जिसमें ई-पंचायत मिशन, पंचायत वित्त, ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपी) का निर्माण और निगरानी, स्वयं के राजस्व स्रोत सृजन, सरकार की विभिन्न योजनाएं, विषयगत प्रशिक्षण आदि और उनमें पंचायतों की भूमिका शामिल है। पंचायत के कामकाज के विभिन्न पहलुओं को पूरा करने हेतु ई-ग्रामस्वराज और ऑडिट ऑनलाइन के लिए प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाते हैं, जिसमें आयोजना, बजटन, लेखांकन, ऑडिट और नागरिक सेवाओं की प्रदायगी, सहकर्मी आदान-प्रदान के माध्यम से कार्यों को बढ़ावा देने हेतु निर्वाचित प्रतिनिधियों की एक्सपोजर विजिट और मॉडल पंचायतों को सहकर्मी शिक्षण केंद्रों के रूप में तैयार करना शामिल है। महाराष्ट्र और ओडिशा सहित राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों में पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रशिक्षित प्रतिनिधियों और अधिकारियों का विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है।

***

**अनुबंध-I**

'पंचायतों के डिजिटलीकरण' के संबंध में दिनांक 12.12.2023 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1421 के भाग (क) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

**वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान पंचायत स्तर पर eGramSwaraj को अपनाना**

| क्र. सं. | राज्यों के नाम | 2021-22 | | | | 2022-23 | | | | 2023-24 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या & समकक्ष | ऑनबोर्ड ई-ग्राम पंचायतें | तैयार जीपीडीपी की संख्या | ऑनलाइन भुगतान की गईं ग्राम पंचायतें और समकक्ष | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या & समकक्ष | ऑनबोर्ड ई ग्राम पंचायतें | तैयार जीपीडीपी की संख्या | ऑनलाइन भुगतान की गईं ग्राम पंचायतें और समकक्ष | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या & समकक्ष | ऑनबोर्ड ग्राम पंचायतें | तैयार जीपीडीपी की संख्या | ऑनलाइन भुगतान की गईं ग्राम पंचायतें और समकक्ष |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 13371 | 8840 | 13351 | 0 | 13371 | 12985 | 13323 | 2 | 13325 | 12976 | 13305 | 10633 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 2114 | 2096 | 1900 | 0 | 2108 | 2091 | 1978 | 1218 | 2108 | 2091 | 1556 | 1307 |
| 3 | असम | 2664 | 2197 | 2195 | 1973 | 2662 | 2197 | 2115 | 2185 | 2662 | 2197 | 2194 | 2184 |
| 4 | बिहार | 8221 | 8220 | 8378 | 7924 | 8176 | 8175 | 8067 | 7954 | 8176 | 8175 | 8056 | 7880 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 11658 | 11657 | 11660 | 11303 | 11659 | 11658 | 11653 | 11546 | 11655 | 11654 | 11569 | 10786 |
| 6 | गोवा | 191 | 191 | 191 | 169 | 191 | 191 | 190 | 138 | 191 | 191 | 93 | 63 |
| 7 | गुजरात | 14343 | 14239 | 14218 | 13168 | 14400 | 14301 | 14076 | 13435 | 14625 | 14319 | 14286 | 13096 |
| 8 | हरियाणा | 6237 | 6204 | 6165 | 3653 | 6230 | 6213 | 6225 | 3768 | 6226 | 6204 | 6043 | 5327 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3616 | 3613 | 3598 | 1321 | 3615 | 3612 | 3600 | 3563 | 3615 | 3612 | 3585 | 3426 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 4291 | 4290 | 2024 | 4251 | 4291 | 4290 | 4289 | 4222 | 4286 | 4285 | 3933 | 1584 |
| 11 | झारखंड | 4353 | 4352 | 4350 | 4348 | 4345 | 4344 | 4337 | 4338 | 4345 | 4344 | 4344 | 4336 |
| 12 | कर्नाटक | 5968 | 5967 | 5954 | 5919 | 5958 | 5958 | 5950 | 5942 | 5955 | 5955 | 3154 | 5862 |
| 13 | केरल | 941 | 941 | 941 | 941 | 941 | 941 | 941 | 940 | 941 | 941 | 890 | 876 |
| 14 | लद्दाख | 193 | 193 | 193 | 151 | 193 | 193 | 193 | 82 | 193 | 193 | 192 | 0 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 23129 | 23069 | 22708 | 22126 | 23032 | 22998 | 22980 | 21495 | 23032 | 22998 | 22999 | 21657 |

| क्र. सं. | राज्यों के नाम | 2021-22 | | | | 2022-23 | | | | 2023-24 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या & समकक्ष | ऑनबोर्ड ई-ग्राम पंचायतें | तैयार जीपीडीपी की संख्या | ऑनलाइन भुगतान की गईं ग्राम पंचायतें और समकक्ष | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या & समकक्ष | ऑनबोर्ड ई ग्राम पंचायतें | तैयार जीपीडीपी की संख्या | ऑनलाइन भुगतान की गईं ग्राम पंचायतें और समकक्ष | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या & समकक्ष | ऑनबोर्ड ग्राम पंचायतें | तैयार जीपीडीपी की संख्या | ऑनलाइन भुगतान की गईं ग्राम पंचायतें और समकक्ष |
| 16 | महाराष्ट्र | 27902 | 27813 | 27878 | 18364 | 27904 | 27809 | 27776 | 26185 | 27619 | 27530 | 27484 | 24510 |
| 17 | मणिपुर | 3812 | 161 | 2631 | 153 | 3812 | 161 | 758 | 160 | 3812 | 161 | 0 | 0 |
| 18 | मेघालय | 6760 | 0 | 0 | 0 | 6760 | 0 | 0 | 0 | 6760 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | मिजोरम | 834 | 834 | 385 | 832 | 834 | 834 | 763 | 764 | 834 | 834 | 0 | 70 |
| 20 | नागालैंड | 1293 | 5 | 1195 | 0 | 1293 | 114 | 0 | 0 | 1293 | 114 | 0 | 0 |
| 21 | ओडिशा | 6798 | 6798 | 6798 | 6734 | 6798 | 6798 | 6792 | 6773 | 6798 | 6798 | 6787 | 6744 |
| 22 | पंजाब | 13268 | 13207 | 13244 | 10309 | 13241 | 13200 | 13201 | 9813 | 13241 | 13200 | 13231 | 10609 |
| 23 | राजस्थान | 11343 | 11316 | 11315 | 8493 | 11342 | 11317 | 11304 | 11245 | 11251 | 11243 | 11243 | 10835 |
| 24 | सिक्किम | 185 | 181 | 185 | 130 | 199 | 183 | 183 | 175 | 199 | 183 | 190 | 176 |
| 25 | तमिलनाडु | 12525 | 12496 | 12416 | 7783 | 12525 | 12524 | 12277 | 12029 | 12525 | 12524 | 12346 | 12295 |
| 26 | तेलंगाना | 12773 | 12767 | 12769 | 0 | 12769 | 12767 | 12758 | 12543 | 12769 | 12767 | 12576 | 12738 |
| 27 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 38 | 0 | 38 | 0 | 38 | 0 | 38 | 0 | 38 | 0 | 36 | 0 |
| 28 | त्रिपुरा | 1178 | 1178 | 1178 | 1177 | 1178 | 1178 | 1176 | 1158 | 1178 | 1178 | 1176 | 1173 |
| 29 | उत्तराखंड | 7791 | 7791 | 7791 | 6291 | 7813 | 7812 | 7803 | 7731 | 7794 | 7793 | 7788 | 7716 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 58842 | 58810 | 58235 | 57857 | 58842 | 58809 | 58124 | 58151 | 57915 | 57910 | 57576 | 57319 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 3340 | 3229 | 3228 | 3213 | 3340 | 3229 | 3223 | 3223 | 3339 | 3227 | 3211 | 3224 |
| **कुल** | | **269972** | **252655** | **257112** | **198583** | **269860** | **256882** | **256093** | **230778** | **268700** | **255597** | **249843** | **236426** |

**अनुबंध-II**

'पंचायतों के डिजिटलीकरण' के संबंध में दिनांक 12.12.2023 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1421 के भाग (क) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

**सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतों का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्यों के नाम | कुल ग्राम पंचायतें/ टीएलबी | सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतें/ टीएलबी | ऑपरेशनल ग्राम पंचायतें/ टीएलबी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 70 | 81 | 55 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13325 | 12198 | 2994 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2108 | 1011 | 184 |
| 4 | असम | 2197 | 1640 | 473 |
| 5 | बिहार | 8174 | 8860 | 2903 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 11656 | 9759 | 1446 |
| 7 | गोवा | 191 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 14376 | 14524 | 10325 |
| 9 | हरियाणा | 6220 | 6204 | 1036 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 3615 | 415 | 260 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 4291 | 1113 | 445 |
| 12 | झारखंड | 4345 | 4638 | 1797 |
| 13 | कर्नाटक | 5958 | 6251 | 3144 |
| 14 | केरल | 941 | 1130 | 960 |
| 15 | लद्दाख | 193 | 193 | 50 |
| 16 | लक्षद्वीप | 10 | 9 | 1 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 23023 | 18102 | 2037 |
| 18 | महाराष्ट्र | 27894 | 24166 | 2770 |
| 19 | मणिपुर | 3818 | 1479 | 10 |
| 20 | मेघालय | 9058 | 688 | 72 |
| 21 | मिजोरम | 834 | 493 | 59 |
| 22 | नागालैंड | 1292 | 230 | 16 |
| 23 | ओडिशा | 6794 | 7099 | 3927 |
| 24 | पुदुचेरी | 108 | 101 | 95 |
| 25 | पंजाब | 13241 | 12807 | 7161 |
| 26 | राजस्थान | 11265 | 8997 | 5529 |
| 27 | सिक्किम | 198 | 54 | 12 |
| 28 | तमिलनाडु | 12525 | 6469 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | तेलंगाना | 12769 | 10675 | 4953 |
| 30 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 38 | 41 | 20 |
| 31 | त्रिपुरा | 591 | 771 | 360 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 58188 | 45061 | 2125 |
| 33 | उत्तराखंड | 7796 | 2013 | 846 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 3339 | 2909 | 2284 |
| **कुल** | | **270441** | **210181** | **58349** |

** कुछ ग्राम पंचायतों में 1 से अधिक सेवा बिंदु हो सकते हैं।*

**अनुबंध-III**

**'पंचायतों के डिजिटलीकरण' के संबंध में दिनांक 12.12.2023 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1421 के भाग (घ) और (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों में पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रशिक्षित प्रतिनिधियों और अधिकारियों का विवरण**

| क्र.स. | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 553 | 1,874 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 483233 | 155089 | 677,905 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 18377 | 3,711 |
| 4 | असम | 114159 | 126731 | 228,013 |
| 5 | बिहार | 34871 | 72328 | 404,741 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 39843 | 54164 | 121,324 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 0 | 813 | 575 |
| 8 | गोवा | 0 | 3249 | 1,777 |
| 9 | गुजरात | 0 | 10455 | 29,090 |
| 10 | हरियाणा | 3334 | 5776 | 4,859 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 518 | 26923 | 108,721 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | 11950 | 261087 | 284,144 |
| 13 | झारखंड | 0 | 25260 | 52,083 |
| 14 | कर्नाटक | 296546 | 378586 | 253,464 |
| 15 | केरल | 0 | 150634 | 179,576 |
| 16 | लद्दाख | 0 | 4898 | 204 |
| 17 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 961367 | 374724 | 281,550 |
| 19 | महाराष्ट्र | 116315 | 681610 | 1,043,060 |
| 20 | मणिपुर | 8338 | 1682 | 895 |
| 21 | मेघालय | 0 | 3159 | 11,598 |
| 22 | मिजोरम | 0 | 4337 | 2,659 |
| 23 | नागालैंड | 600 | 25540 | 1,832 |
| 24 | ओडिशा | 37784 | 27770 | 79,124 |
| 25 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0 |
| 26 | पंजाब | 28094 | 45940 | 36,380 |
| 27 | राजस्थान | 0 | 3164 | 92,279 |
| 28 | सिक्किम | 15166 | 5439 | 13,563 |

| क्र.स. | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|
| 29 | तमिलनाडु | 628125 | 138810 | 106,560 |
| 30 | तेलंगाना | 1039 | 4927 | 14,534 |
| 31 | त्रिपुरा | 6794 | 43138 | 7,743 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 71835 | 116042 | 48,562 |
| 33 | उत्तराखंड | 20335 | 17922 | 263,896 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 448226 | 421398 | 175,058 |
| | कुल | **3328472** | **3210525** | **4,531,354** |

***